# सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

मांग संख्या 14

## सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

क. वसूलियों को घटाने के बाद, बजट आबंटन इस प्रकार है:

*(करोड़ रुपए)*

| | | बजट 2001-2002 | | | संशोधित 2001-2002 | | | बजट 2002-2003 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मुख्य शीर्ष | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
| राजस्व | | 319.40 | 27.20 | 346.60 | 319.40 | 30.13 | 349.53 | 422.34 | 30.38 | 452.72 |
| *पूंजी* | | *105.60* | *...* | *105.60* | *105.60* | *...* | *105.60* | *47.66* | *...* | *47.66* |
| **जोड़** | | **425.00** | **27.20** | **452.20** | **425.00** | **30.13** | **455.13** | **470.00** | **30.38** | **500.38** |
| 1. सचिवालय-आर्थिक सेवाएं दूरसंचार और इलेक्ट्रानिकी उद्योग | 3451 | 10.00 | 14.70 | 24.70 | 10.00 | 16.18 | 26.18 | 10.24 | 16.43 | 26.67 |
| 2 राष्ट्रीय सूचना केन्द्र | 3451 | 133.43 | ... | 133.43 | 133.43 | ... | 133.43 | 143.92 | ... | 143.92 |
| | 5475 | 31.62 | ... | 31.62 | 31.62 | ... | 31.62 | 31.10 | ... | 31.10 |
| | *जोड़* | *165.05* | *...* | *165.05* | *165.05* | *...* | *165.05* | *175.02* | *...* | *175.02* |
| 3. प्रौद्योगिकी विकास परिषद परियोजनाएं | 2852 | 3.00 | ... | 3.00 | 2.00 | ... | 2.00 | 3.50 | ... | 3.50 |
| | 7425 | 2.00 | ... | 2.00 | 2.00 | ... | 2.00 | 1.50 | ... | 1.50 |
| 4. रोबोटिक्स सहित औद्योगिक इलेक्ट्रोनिकी संवर्धन कार्यक्रम | 2852 | 2.50 | ... | 2.50 | 2.50 | ... | 2.50 | 2.75 | ... | 2.75 |
| | 4859 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| | 7425 | 0.75 | ... | 0.75 | 0.75 | ... | 0.75 | 0.75 | ... | 0.75 |
| | *जोड़* | *3.25* | *...* | *3.25* | *3.25* | *...* | *3.25* | *3.50* | *...* | *3.50* |
| 5. सेमि-कंडक्टर काम्पलेक्स लि. | 2852 | 0.03 | ... | 0.03 | 0.03 | ... | 0.03 | 0.01 | ... | 0.01 |
| 6. इलेक्ट्रोनिकी संघटक और सामग्री विकास कार्यक्रम | 2852 | 5.00 | 0.50 | 5.50 | 4.00 | 0.60 | 4.60 | 5.10 | 0.60 | 5.70 |
| 7. सूक्ष्म इलेक्ट्रोनिकी नानो-प्रौद्योगिकी विकास कार्यक्रम–एन.एम.सी. | 2852 | 2.70 | ... | 2.70 | 1.70 | ... | 1.70 | 2.70 | ... | 2.70 |
| | 4859 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| | 7425 | 0.30 | ... | 0.30 | 0.30 | ... | 0.30 | 0.30 | ... | 0.30 |
| | *जोड़* | *3.00* | *...* | *3.00* | *2.00* | *...* | *2.00* | *3.00* | *...* | *3.00* |
| 8. उन्नत परिकलन विकास केन्द्र (सीडीएसी) | 2852 | 10.00 | ... | 10.00 | 10.00 | ... | 10.00 | 10.00 | ... | 10.00 |
| 9. राष्ट्रीय एच.वी.डी.सी. परियोजना | 2852 | 0.10 | ... | 0.10 | 0.10 | ... | 0.10 | ... | ... | ... |
| 10. अनुप्रयुक्त माइक्रोवेव इलेक्ट्रोनिकी इंजीनियरी तथा अनुसंधान संस्था (समीर) | 2852 | 12.00 | 2.70 | 14.70 | 10.00 | 3.00 | 13.00 | 12.00 | 3.00 | 15.00 |
| 11. मानकीकरण गतिविधि कार्यक्रम | 2852 | 20.00 | 3.80 | 23.80 | 20.00 | 4.30 | 24.30 | 20.00 | 4.30 | 24.30 |
| | 3601 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| | 4859 | 7.00 | ... | 7.00 | 7.00 | ... | 7.00 | 7.31 | ... | 7.31 |
| | *जोड़* | *27.00* | *3.80* | *30.80* | *27.00* | *4.30* | *31.30* | *27.31* | *4.30* | *31.61* |
| 12. इलेक्ट्रोनिकी डिजाइन तथा प्रौद्योगिकी केन्द्र | 2852 | 4.00 | 1.50 | 5.50 | 4.00 | 1.70 | 5.70 | 4.00 | 1.70 | 5.70 |
| 13. एएसआईसी डिजाइन हेतु विशेष जनशक्ति | 2852 | 1.90 | ... | 1.90 | 1.90 | ... | 1.90 | 2.00 | ... | 2.00 |
| | 4859 | 0.10 | ... | 0.10 | 0.10 | ... | 0.10 | ... | ... | ... |
| | *जोड़* | *2.00* | *...* | *2.00* | *2.00* | *...* | *2.00* | *2.00* | *...* | *2.00* |
| 14. साफ्टवेयर/हार्डवेयर निर्यात संवर्धन | 2852 | 6.00 | ... | 6.00 | 6.00 | ... | 6.00 | ... | ... | ... |
| 15. इलेक्ट्रोनिक अनुसंधान और विकास केन्द्र | 2852 | 8.00 | 2.70 | 10.70 | 8.00 | 3.00 | 11.00 | 8.00 | 3.00 | 11.00 |
| 16. साफ्टवेयर निर्यात के लिए जनशक्ति विकास | 2852 | 6.00 | ... | 6.00 | 6.00 | ... | 6.00 | 5.00 | ... | 5.00 |
| 17. फोटोनिक ऑप्टो इलेक्ट्रॉनिकी | 2852 | 2.50 | ... | 2.50 | 1.50 | ... | 1.50 | 2.50 | ... | 2.50 |
| | 7425 | 0.50 | ... | 0.50 | 0.50 | ... | 0.50 | 0.50 | ... | 0.50 |
| 18. राष्ट्रीय सूचना अवसंरचना | 2852 | 5.00 | ... | 5.00 | 5.00 | ... | 5.00 | ... | ... | ... |
| 19. उच्च प्रौद्यौगिकी निवेश पार्क | 2852 | 0.05 | ... | 0.05 | 0.05 | ... | 0.05 | ... | ... | ... |
| | 4859 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| | 7425 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| | *जोड़* | *0.05* | *...* | *0.05* | *0.05* | *...* | *0.05* | *...* | *...* | *...* |
| 20. परिवहन और विद्युत इलेक्ट्रॉनिक्स | 2852 | 2.50 | ... | 2.50 | 2.50 | ... | 2.50 | 4.60 | ... | 4.60 |
| 21. सामरिक इलेक्ट्रोनिक्स उपकरणों का विकास | 2852 | 2.00 | ... | 2.00 | 2.00 | ... | 2.00 | 2.00 | ... | 2.00 |
| | 7425 | 1.00 | ... | 1.00 | 1.00 | ... | 1.00 | 1.00 | ... | 1.00 |
| | *जोड़* | *3.00* | *...* | *3.00* | *3.00* | *...* | *3.00* | *3.00* | *...* | *3.00* |
| 22. शैक्षणिक अनुसंधान नेटवर्क | 2852 | 5.00 | ... | 5.00 | 5.00 | ... | 5.00 | 0.10 | ... | 0.10 |
| | 4859 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| | *जोड़* | *5.00* | *...* | *5.00* | *5.00* | *...* | *5.00* | *0.10* | *...* | 0.10 |
| 23. ग्रामीण/सामाजिक/कृषि/जल क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रोनिक्स | 2852 | 3.80 | ... | 3.80 | 2.80 | ... | 2.80 | 3.80 | ... | 3.80 |
| | 4859 | 0.20 | ... | 0.20 | 0.20 | ... | 0.20 | 0.20 | ... | 0.20 |
| | *जोड़* | 4.00 | ... | 4.00 | 3.00 | ... | 3.00 | 4.00 | ... | 4.00 |
| 24. स्वास्थ्य और बायो-इन्फोर्मेटिक्स में इलेक्ट्रोनिकी | 2852 | 5.00 | ... | 5.00 | 5.00 | ... | 5.00 | 5.00 | ... | 5.00 |
| 25. तरल क्रिस्टल अनुसंधान केन्द्र | 2852 | 1.70 | ... | 1.70 | 1.70 | ... | 1.70 | 1.70 | ... | 1.70 |
| 26. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़े क्षेत्रों और उत्तर पूर्वी क्षेत्रों सहित रोजगार सृजन | 2852 | 1.00 | ... | 1.00 | 1.00 | ... | 1.00 | 1.00 | ... | 1.00 |
| 27. ईएससी और निर्यात बाजार विकास कार्यक्रम | 2852 | 4.00 | ... | 4.00 | 4.00 | ... | 4.00 | 4.00 | ... | 4.00 |
| 28. अन्य कार्यक्रम | | | | | | | | | | |
| 28.01 इलेक्ट्रोनिकी में प्रदर्शनी | 2250 | ... | 0.60 | 0.60 | ... | 0.60 | 0.60 | ... | 0.60 | 0.60 |
| 28.02 विदेशी व्यापार | 3453 | ... | 0.50 | 0.50 | ... | 0.50 | 0.50 | ... | 0.50 | 0.50 |

*सं.14/सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय*

*(करोड़ रुपए)*

| | मुख्य शीर्ष | बजट 2001-2002 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | संशोधित 2001-2002 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ | बजट 2002-2003 आयोजना | आयोजना-भिन्न | जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28.03 आई.पी.आर. संवर्धन कार्यक्रम | 2852 | 0.40 | ... | 0.40 | 0.40 | ... | 0.40 | 0.40 | ... | 0.40 |
| 28.04 अन्य स्कीमें | 2852 | 10.19 | 0.20 | 10.39 | 9.19 | 0.25 | 9.44 | 5.85 | 0.25 | 6.10 |
| | *जोड़* | *10.59* | *1.30* | *11.89* | *9.59* | *1.35* | *10.94* | *6.25* | *1.35* | *7.60* |
| 29. सहायता सामग्री और उपस्कर-सकल | 3606 | ... | 2.00 | 2.00 | ... | 2.00 | 2.00 | ... | 2.33 | 2.33 |
| *घटाइए* - कार्यकारी मुख्य शीर्ष को अन्तरण | 3606 | ... | -2.00 | -2.00 | ... | -2.00 | -2.00 | ... | -2.33 | -2.33 |
| *निवल* - सहायता सामग्री और उपस्कर | *जोड़* | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 30. सरकारी क्षेत्र के उद्यमों में निवेश | | | | | | | | | | |
| एस सी एल | 4859 | 0.03 | ... | 0.03 | 0.03 | ... | 0.03 | ... | ... | ... |
| ई टी एंड टी | 6859 | 0.10 | ... | 0.10 | 0.10 | ... | 0.10 | ... | ... | ... |
| एन आई सी एस आई | 4859 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| | *जोड़* | *0.13* | ... | *0.13* | *0.13* | ... | *0.13* | ... | ... | ... |
| 31. उत्तर-पूर्वी क्षेत्र और सिक्किम के हित | 2852 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| के लिए परियोजनाओं/योजनाओं | 3451 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| के लिए एकमुश्त प्रावधान | 4859 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| | 2552 | 10.00 | ... | 10.00 | 10.00 | ... | 10.00 | ... | ... | ... |
| | 4552 | 47.00 | ... | 47.00 | 47.00 | ... | 47.00 | ... | ... | ... |
| | *जोड़* | *57.00* | ... | *57.00* | *57.00* | ... | *57.00* | ... | ... | ... |
| 32. सामुदायिक सूचना केन्द्र (सीआईसीएस) | 2852 | 7.00 | ... | 7.00 | 7.00 | ... | 7.00 | 15.00 | ... | 15.00 |
| | 4859 | 15.00 | ... | 15.00 | 15.00 | ... | 15.00 | 5.00 | ... | 5.00 |
| | *जोड़* | 22.00 | ... | 22.00 | 22.00 | ... | 22.00 | 20.00 | ... | 20.00 |
| 33. इलेक्ट्रॉनिक्स अभिशासन | 2852 | 5.00 | ... | 5.00 | 5.00 | ... | 5.00 | 41.17 | ... | 41.17 |
| 34. भारतीय भाषा हेतु प्रौद्योगिकी विकास | 2852 | 6.00 | ... | 6.00 | 5.00 | ... | 5.00 | 6.00 | ... | 6.00 |
| 35. ई-कामर्स एवं इन्फो-सुरक्षा (स्मार्ट कार्डो सहित) | 2852 | 4.50 | ... | 4.50 | 3.60 | ... | 3.60 | 5.00 | ... | 5.00 |
| 36. सूचना प्रौद्योगिकी विधेयक/प्रमाणन और नेटवर्क सुरक्षा | 2852 | 5.00 | ... | 5.00 | 5.00 | ... | 5.00 | 5.00 | ... | 5.00 |
| 37. साफ्टवेयर टेक्नोलाजी पार्क्स इंडिया एंड ई एच टी पी | 2852 | 8.00 | ... | 8.00 | 8.00 | ... | 8.00 | 8.00 | ... | 8.00 |
| 38. मिडिया लैब एशिया | 2852 | 0.10 | ... | 0.10 | 10.00 | ... | 10.00 | 1.00 | ... | 1.00 |
| 39. जनता के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (सीटीजन पोर्टल्स सहित) | 2852 | 2.00 | ... | 2.00 | 2.00 | ... | 2.00 | 20.00 | ... | 20.00 |
| 40. संवर्धन/सूचना प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और विकास/विशेष सूचना प्रौद्योगिकी परियोजनाएं | 2852 | 3.00 | ... | 3.00 | 3.00 | ... | 3.00 | 21.00 | ... | 21.00 |
| 41. विद्या वाहिनी एवं ज्ञान वाहिनी कार्यक्रम | 2852 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 30.00 | ... | 30.00 |
| 42. सूचना प्रौद्योगिकी उपक्रम पूंजी | 2852 | 1.00 | ... | 1.00 | 1.00 | ... | 1.00 | 10.00 | ... | 10.00 |
| ***कुल-जोड़*** | | ***425.00*** | ***27.20*** | ***452.20*** | ***425.00*** | ***30.13*** | ***455.13*** | ***470.00*** | ***30.38*** | ***500.38*** |
| **ख. सरकारी उद्यमों में निवेश** | विकास शीर्ष | बजट समर्थन | आं.ब. बा.सं. | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब. बा.सं. | जोड़ | बजट समर्थन | आं.ब. बा.सं. | जोड़ |
| 1. सेमि-कन्डक्टर काम्पलेक्स लि० | 12859 | 0.03 | 2.69 | 2.72 | ... | 3.00 | 3.00 | ... | 3.50 | 3.50 |
| 2. सी.एम.सी.लि० | 12859 | ... | 10.00 | 10.00 | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 3. ई.टी. एण्ड टी. लि. | 12859 | 0.10 | ... | 0.10 | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| 4. एनआईसीएसआई | 12859 | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... |
| | *जोड़* | *0.13* | *12.69* | *12.82* | ... | *3.00* | *3.00* | ... | *3.50* | *3.50* |
| **अन्य संस्थाएं/निकाय** | | | | | | | | | | |
| एन.सी.एस.टी/एस.ए.एम.ई.ई.आर./एसईपीपी/ सी-डैक आदि | 12859 | ... | 97.37 | 97.37 | ... | 97.37 | 97.37 | ... | 120.08 | 120.08 |
| | *जोड़* | **0.13** | **110.06** | **110.19** | **...** | **100.37** | **100.37** | **...** | **123.58** | **123.58** |
| **ग. आयोजना परिव्यय :-** | | | | | | | | | | |
| 1. दूरसंचार और इलेक्ट्रोनिकी उद्योग | 12859 | 277.02 | 110.06 | 387.08 | 277.02 | 100.37 | 377.39 | 311.79 | 123.58 | 435.37 |
| 2. सचिवालय-आर्थिक सेवाएं | 13451 | 143.43 | ... | 143.43 | 143.43 | ... | 143.43 | 154.16 | ... | 154.16 |
| 3. अन्य वैज्ञानिक अनुसंधान | 13425 | 4.55 | ... | 4.55 | 4.55 | ... | 4.55 | 4.05 | ... | 4.05 |
| **जोड़** | | **425.00** | **110.06** | **535.06** | **425.00** | **100.37** | **525.37** | **470.00** | **123.58** | **593.58** |

1. **सचिवालय-आर्थिक सेवाएं**: इसमें सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिवालय व्यय के लिए व्यवस्था है ।

2. **राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन आई सी)**: इसका मुख्य उद्देश्य केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों और जिला प्रशासन को कम्प्यूटर समर्थन प्रदान करना है ।एन आई सी ने उपग्रह आधारित कम्प्यूटर संचार नेटवर्क और अन्तर्राष्ट्रीय ई-मेल, इंटरनेट, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय डाटाबेस आदि को फाइल अंतरण अभिगम्यता आदि स्थापित किया है ।एन आई सी ने केन्द्र सरकार के विभागों तथा राज्य सरकार के सचिवालयों में स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क स्थापित किए हैं ।

3. **प्रौद्योगिकी विकास परिषद परियोजनाएं (टी.डी.सी.)**: इस कार्यक्रम का लक्ष्य कम्प्यूटर और कम्प्यूटर संचार, नियंत्रण और उपकरण विकास, उपभोक्ता इलैक्ट्रोनिक्स दूरसंचार और प्रसारण के क्षेत्रों में अनुसंधान, डिजाइन, विकास और अभियांत्रिकी का संवर्धित करना तथा उसे सहायता प्रदान करना है।

4. **रोबोटिक्स सहित औद्योगिक इलेक्ट्रोनिकी संवर्धन कार्यक्रम (आई.ई.पी.पी.)**:इस कार्यक्रम का लक्ष्य औद्योगिक स्वचालन और प्रशिक्षण विकास और उपयुक्त प्रौद्योगिकी लागू करने के माध्यम से देश में प्रणाली-इंजीनियरी संस्कृति का संवर्धन करना है ।

5. **सेमी कंडक्टर काम्पलैक्स लि.(एस.सी.एल.)**: इसका उद्देश्य माड्यूल और उप-प्रणाली का डिजाइन करना,उसे विकसित करना तथा महत्वपूर्ण कस्टम डिजाइन दक्षता स्थापित करना और 2000 वेफर प्रतिमाह वाले श्रेणी-10, छः(6) इंच के वेफर निर्माण संयंत्र की स्थापना करना है ।

सेमी कंडक्टर काम्प्लेक्स लिमिटेड वर्ष 1983 में स्थापित किया गया था जिसके कार्यकलापों में प्रक्रिया प्रौद्योगिकी विकास और उत्पाद डिजाइन तथा विकास दोनों, बहुत बड़े पैमाने पर एकीकृत सर्किट (वीएलएसआई) का डिजाइन,

विकास और विनिर्माण, वीएलएसआई आधारित प्रणालियों और उप-प्रणालियों का विनिर्माण, देश की सामरिक आवश्यकताओं की पूर्ति, वीएलएसआई के क्षेत्र में सुदृढ़ अनुसंधान और विकास आधार सृजित करना शामिल है ।

6. **इलेक्ट्रोनिकी, कम्पोनेंट एवं सामग्री विकास कार्यक्रम (ई.एम.डी.पी.)**: इसका उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिकी सामग्रियों के लिए एक सुदृढ़ अनुसंधान एवं विकास/प्रौद्योगिकी आधार विकसित करना और इलेक्ट्रोनिकी उद्योग की भावी आवश्यकताओं की पूर्ति करना तथा उपयुक्त अनुसंधान एवं विकास संस्थानों तथा उद्योग में महत्वपूर्ण तथा प्राथमिकता वाली इलेक्ट्रानिकी सामग्रियों के लिए लक्ष्योन्मुखी अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं की सहायता करना है।

7. **माइक्रो इलेक्ट्रानिक्स और नेनो-टेक्नोलॉजी विकास कार्यक्रम (एन.एम.सी.)** : इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश में जनशक्ति, शैक्षिक संस्थाओं की आर एंड डी प्रयोगशालाओं और उद्योग में आर एंड डी और प्रौद्योगिकी को शामिल करते हुए मजबूत आधार बनाना है और स्वेदशी इलेक्ट्रॉनिकी उद्योग के लिए प्रयोग विशिष्ट एकीकृत सर्किटों (ए एस आई सी) के उपयोगों का संवर्धन करना व प्रचुरोद्भवन करना है ।

8. **उन्नत संगणन का विकास केन्द्र (सी.डी.ए.सी.)**: यह संगणन और संचार तथा उससे उत्पन्न अनुप्रयोग के क्षेत्र में विभाग की एक पंजीकृत वैज्ञानिक सोसायटी है । एक दशक पूर्व डिजाइन विकास और उच्च कार्य निष्पादन संगणन (सुपर कम्प्यूटर प्रणालियों) की सुपुर्दगी तथा समानान्तर प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी पर आधारित हल के लिए भारत को राष्ट्रीय पहल के रूप में गठित, सीडीएसी ने कई वर्षो से अधिग्रहित विशेषज्ञता और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में सूचना और प्रौद्योगिकी आधारित हल विकसित करने तथा प्रयोग में लाने के लिए उच्च संगणन दक्षता में विकसित की गई प्रौद्योगिकी के अंतरण द्वारा अपने कार्यकलापों में विविधता लाई है ।

10. **अनुप्रयुक्त सूक्ष्मतरंग इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी और अनुसंधान सोसायटी (एसएएमईईआर)**: यह सूक्ष्मतरंग, मिलिमीटर वेव और विद्युत चुम्बकीय के उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र में इन प्रौद्योगिकियों के लिए अनुप्रयोग विकसित करने के विशिष्ट लक्ष्य सहित कार्यरत एक अनुसंधान और विकास संगठन है ।

11. **मानकीकरण, परीक्षण और गुणवत्ता प्रमाणीकरण कार्यक्रम (एस.टी.क्यू.सी.)**: यह इलेक्ट्रोनिकी संघटकों तथा उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार के लिए उद्योगों को परीक्षण, चिन्हांकन सेवाएं, प्रमाणीकरण सेवाएं और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं प्रदान करता हैं । ये सेवाएं एसटीक्यूसी प्रयोगशालाओं के एक नेटवर्क के माध्यम से प्रदान की जाती हैं । सूचना प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए छ स्थानों में पृथक एसटीक्यूसी-आईटी केंद्र स्थापित किए गए है । ये केंद्र मौजूदा प्रयोगशालाओं के साथ सहअवस्थित है और साझा प्रशासन की भागीदारी करते है । कोलकाता, बंगलौर, हैदराबाद, पुणे और नोएडा में पांच केंद्र (सीईटीई) स्थापित किए गए हैं । ये केंद्र एसईटीई के अधीन सोसायटी के रूप में कार्यरत हैं ।

12. **भारतीय इलेक्ट्रॉनिकी डिजाइन और प्रौद्योगिकी केन्द्र (सी.ई.डी., टी.आई.)**: इसका लक्ष्य इलेक्ट्रोनिकी डिजाइन और प्रौद्योगिकी में मानव शक्ति को प्रशिक्षित करना, इलेक्ट्रॉनिक में उद्यमियों और डिजाइनकर्ताओं का विकास करना तथा उद्योगों, अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाओं तथा शैक्षिक संस्थाओं के घनिष्ठ परस्पर संदर्भ से इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद विकास और डिजाइन कार्य करना भी है ।

13. **ए.एस.आई.सी. डिजाइन के लिए विशेष जनशक्तिः** इसका लक्ष्य 7 अनुसंधान केन्द्रों तथा 12 भाग लेने वाली संस्थाओं को शामिल करते हुए बी.ई./बी.टेक, एम.ई./एम.टेक और पी.एच.डी. स्तर पर वी.एल.एस.आई/डिजाइन और संबंधित साफ्टवेयर के क्षेत्रों में विशेष जनशक्ति को प्रशिक्षण देना है ।

15. **भारतीय इलेक्ट्रॉनिकी अनुसंधान और विकास केन्द्र (ई.आर. एण्ड डी. सी. आई.)**: भारतीय इलेक्ट्रॉनिकी अनुसंधान और विकास केंद्र (ईआरएण्डडीसीआई) सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन एक वैज्ञानिक सोसायटी है । सोसायटी का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी विकास की पहलों के अनुरूप समयबद्ध और लक्ष्योन्मुखी तरीके से चयनित क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास कार्यक्रम प्रारंभ करना, ''अनुप्रयोगोन्मुखी'' क्षेत्र विशिष्ट अनुसंधान करना, सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिकी में डिजाइन और विकास करना; अत्याधुनिक उत्पादन योग्य, विपणन योग्य और क्षेत्र अनुरक्षणीय उत्पादों और प्रणालियों का उत्पादन करना, क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी का त्वरित विकास संवर्धित करना, निजी और सरकारी क्षेत्र के उद्योगों के सहयोग से प्रौद्योगिकी का विकास करना और उच्च-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में मानव संसाधन विकसित करना है ।

16. **साफ्टवेयर निर्यात के लिए जनशक्ति विकासः** इस कार्यक्रम का उद्देश्य बढ़ते हुए **साफ्टवेयर** निर्यात उद्योग को समर्थन करने के लिए और अपेक्षित विशिष्ट जनशक्ति का सृजन करना और सुदृढ़ करना है ।

17. **फोटोनिक्स विकास कार्यक्रमः** इसका प्रमुख उद्देश्य फोटोनिक्स प्रौद्योगिकियों का विकास करना और अन्य राष्ट्रीय एजेंसियों के समन्वय से प्रयोग करना तथा फोटोनिक्स के कतिपय चुनिंदा क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी तथा औद्योगिक आधार का निर्माण करना है।

20. **परिवहन और विद्युत इलैक्ट्रॉनिकी:** इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिवहन, विद्युत संवितरण, जल प्रबंधन और लोक सुरक्षा सेवाओं जैसे आधारढ़ांचे वाले क्षेत्रों में सेवा की गुणवत्ता, उत्पादकता, ऊर्जा के संरक्षण, पर्यावरणात्मक प्रदूषण नियंत्रण और रोजगार उत्पादन को सुधारने के लिए तथा स्थानीय विशेषज्ञता तथा इलेक्ट्रॉनिकी उद्योग का पूर्ण प्रयोग करते हुए भारत में एक आधुनिक आधारढांचा क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए भी इलेक्ट्रॉनिकी के प्रयोग को बढ़ाना है ।

21. **महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिकी उपस्करों का विकासः** इसका उद्देश्य राडार, नौवहन संचालन सहायता, सोनार, भूमिगत-जल, इलेक्ट्रॉनिकी प्रणालियों, डिजास्टर प्रबंधन प्रणालियों, भावी वायु नौसंचालन प्रणालियों, और अन्य महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिकी प्रणालियों के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी विकास क्रियाकलापों का समर्थन करना है।

22. **शैक्षणिक अनुसंधान नेटवर्क (ई आर एन ई टी)**: इसका उद्देश्य कम्प्यूटर नेटवर्किंग और आंकड़ा संचार के क्षेत्र में उसे विश्व मानकों के प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए राष्ट्रीय क्षमताओं को सुदृढ़ करना और उसके लाभ राष्ट्रव्यापी शैक्षणिक और अनुसंधान समुदाय, उद्योग और कई तरह के प्रयोक्ताओं तक पहुंचाना है।

23. **ग्रामीण/सामाजिक/कृषि/जल क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिकीः** इसका उद्देश्य संस्थानों, परियोजनाओं, प्रयोगशालाओं, विभागों तथा साथ ही सामाजिक और ग्रामीण विकास में लगे गैर-सरकारी संगठनों के परामर्श से सामाजिक कल्याण, बंजर भूमि विकास, कृषि और कृषि प्रसंस्करण क्षेत्रों आदि सहित ग्रामीण विकास से सम्बद्ध इलेक्ट्रॉनिकी के अनुप्रयोग से संबंधित परियोजनाओं, स्कीमों और कार्यक्रमों का पता लगाना है।

24. **स्वास्थ्य और जैव सूचना प्रौद्योगिकी में इलेक्ट्रॉनिकी** : इसका उद्देश्य चिकित्सा और जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में देशी प्रौद्योगिकी का संवर्धन और उसका अनुप्रयोग करना है। संचार नेटवर्किंग, कम्प्यूटर मैचिंग, माइक्रोवेव हीटींग के प्रयोगों जैसी इलेक्ट्रोनिकी तकनीकों की व्यापक सीमा लागू करके स्वास्थ्य सम्बद्ध सेवाओं की गुणवत्ता के लिए भी प्रयास किए जाते है ।

25. **तरल क्रिस्टल अनुसंधान केन्द्रः** इसका मुख्य उद्देश्य विनिर्माणकारी प्रक्रिया को सुधारने और इलेक्ट्रॉनिकी उपकरणों के लिए उत्पादन बढ़ाने, पैट्रोल बंक प्रदर्शन करने, हवाईअड्डा और रेलवे स्टेशन प्रदर्शन करने और नए तरल क्रिस्टललाइन सामग्रियों, निम्न आण्विक भार और बृहत् आण्विक (पोलीमर) प्रणालियों दोनों, जो न केवल बुनियादी दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं बल्कि तकनीकी दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं, को सुधारने के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिकी लि. के साथ सहयोग करना है ।

26. **अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ पिछड़े क्षेत्रों और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों सहित रोजगार सृजनः** इसका मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों तथा समाज के कमजोर वर्गों से सम्बद्ध शिक्षित युवकों के लिए रोजगार उत्पादन प्रशिक्षण योजना का कार्यान्वयन करना है। इस योजना को सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में कार्यान्वित किया गया है ।

27. **ई.एस.सी.और इलेक्ट्रॉनिकी निर्यात बाजार विकास कार्यक्रमः** इसका उद्देश्य बाजार अध्ययनों, विदेशों में बाजार आसूचना संग्रहित करने, प्रचार अभियान करने, विनिर्माताओं/व्यापारियों/पोतवणिको के संगत सूचना को प्रचार-प्रसार करने, विभिन्न एजेंसियों के साथ संपर्क बनाए रखने और विदेशी आयातकों की शिकायतों की जांच और पूछताछ करने आदि के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिकी वस्तुओं, कम्प्यूटर साफ्टवेयर और संबद्ध सेवाओं के निर्यातों की सहायता, सुरक्षा अनुरक्षण, वृद्धि और संवर्धन तथा अन्य उत्पादों में इलेक्ट्रॉनिकी के उपयोग को बढ़ावा देना और विकसित करना है ।

29. **सहायता सामग्री और उपस्कर** : इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सामग्री, उपस्कर और अन्य जिन्सों के रूप में विदेशी सहायता दर्शाई गई है ।

32. **सामुदायिक सूचना केन्द्र (सी.आई.सी.)**: यह स्कीम सात उत्तर-पूर्वी राज्यों के 487 ब्लाक मुख्यालय में और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास के कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, राज्य सरकारों द्वारा चयनित स्थल पर सिक्किम में सामुदायिक सूचना केन्द्रों की स्थापना करने के लिए हैं । यह परियोजना मुख्यतः समुदाय को इंटरनेट पहुंच और सूचना प्रौद्योगिकी समर्थकारी सेवाएं प्रदान करके डिजिटल विभाजन को कम करने के लिए है और सरकार के साथ नागरिकों के परस्पर सम्पर्क को सुविधाजनक बनाने के लिए भी है ।

33. **इलेक्ट्रॉनिकी अभिशासन** : सरकारी आन्तरिक कार्यकरण को सुप्रवाही बनाने के लिए और इसकी सेवाओं की सुपुर्दगी के कार्यो को सुधारने के लिए वर्धित विस्तृत सूचना और संचार प्रौद्योगिकियां (आईसीटी) हैं । इसका लक्ष्य भेदन नीतियों का पता लगाकर, सेवा सुपुर्दगी को सुधारकर, लागत में कमी करके और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पुनःपरिभाषित करके "सरकार के नए स्वरूप को पुनः खोजनें" के चालू प्रयासों से परे पहुंचना है । इसके लक्ष्य में वहनीय लागत पर संयोजन और पहुंच के लिए देशभर में बुनियादी न्यूनतम आधार ढांचे के प्रावधान को सुनिश्चित करना भी शामिल है ।

34. **भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी विकास (टीडीआईएल)**: इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय भाषाओं में सूचना प्रौद्योगिकी के औजार तथा तत्व का विकास करना है ताकि, भारत के लोगों को उनकी अपनी भाषाओं में कम्प्यूटरों और अन्य सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों के प्रयोग में सक्षम बनाया जा सके।

35. **ई-कामर्स तथा सूचना-सुरक्षा (स्मार्ट कार्टो सहित)** ई-कामर्स का उद्देश्य देश में ई-कामर्स के लिए पूर्णतः वैधानिक एवं विनियामक ढ़ाचें की व्यवस्था करना और सूचना प्रौद्योगिकी के विभिन्न गुणों व्यवसाय तथा वाणिज्य के लिए ई-कामर्स और इसके लाभों के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देना है।

37. **भारत के साफ्टवेयर टैक्नोलोजी पार्क और ई.एच.टी.पी.** : एसटीपीआई सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक पंजीकृत सोसायटी है। इसकी स्थापना सूचना प्रौद्योगिकी सॉफ्टवेयर और सेवाओं के निर्यात के क्षेत्र में संवर्धनात्मक कार्यकलापों के माध्यम से भारतीय उद्योग को बढ़ावा देने के लिए की गई है । इसे सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न निर्यातोन्मुखी स्कीमों के प्रचालन, कार्यान्वयन और अनुवीक्षण की शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं ।

38. **मीडिया लैब एशिया**: मीडिया लैब एशिया अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का लाभ सर्वसाधारण तक पहुंचाने के लिए समर्पित राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं का एक नेटवर्क है । यह शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्यम में महान चुनौतियों को पूरा करने के लिए एक महत्वाकांक्षी 10-वर्षीय योजना है ।

मीडिया लैब एशिया की भूमिका, उन आविष्कारों, पुनःआशोधन, और नवीन खोजों का प्रचार-प्रसार सुविधाजनक बनाना है, जो सर्वसाधारण को लाभ पहुंचाते हैं । मीडिया लैब एशिया इन नवीन खोजों को भारत के प्रत्येक गांव में लाने के लिए उद्योग, गैर-सरकारी संगठनों और सरकार के साथ कार्य करेगा । मीडिया लैब एशिया की सफलता की कुंजी सतत बने रहने योग्य, सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त तल विकसित करने के लिए भारतीय उद्यमियों की सृजनात्मकता को विश्वविद्यालयों की तकनीकी जानकारी से जोड़ना होगी । विशिष्ट चुनौतियों में कई विभिन्न भाषाओं में कार्य करने की आवश्यकता और स्थानीय संस्कृति और परम्परा को समर्थन देने की आवश्यकता शामिल है ।

39. **जनता के लिए सूचना प्रौद्योगिकी** : सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने जनता के लिए सूचना प्रौद्योगिकी पर एक कार्य दल की स्थापना की थी । कार्य दल ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है और अनेक महत्वपूर्ण सिफारिशें की है । इस कार्य दल ने वर्ष 2008 तक कम से कम 100 मिलियन इन्टरनेट कनेक्शन देने और पूरे देश की सम्पूर्ण लंबाई और चौड़ाई को कवर करते हुए 1 मिलियन इन्टरनेट समर्थकारी सूचना प्रौद्योगिकी किओस्क/साइबर कैफे स्थापित करने का शानदार लक्ष्य निर्धारित किया है ।

40. **विशेष सूचना प्रौद्योगिकी परियोजनाएं** : विशेष सूचना प्रौद्योगिकी परियोजना प्रभाग का उद्देश्य भारत के सामाजिक और आर्थिक ढांचे में सूचना प्रौद्योगिकी के बहु-क्षेत्रीय प्रभावों के परिस्रवण को सुदृढ़ करना है । केन्द्रित क्षेत्रों में जनशक्ति और ठेकेदारी के विकास के लिए विभिन्न बड़ी परियोजनाएं और विशेष प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की जाएंगी/समर्पित की जाएंगी । इन चुनिन्दा क्षेत्रों की शुरूआत के लिए सभी आवश्यक समर्थन (वित्तीय सहित) प्रदान करने के लिए विशेष स्कीमें तैयार की जाएंगी ।

41. **विद्या वाहिनी और ज्ञान वाहिनी** : यह नया कार्यक्रम प्रभावी शिक्षा प्रौद्योगिकी प्रणाली की स्थापना को सुनिश्चित करने और कक्षाओं में प्रौद्योगिकी लाने के लिए उच्चतर प्रशिक्षण संस्थाओं का संयोजन करने के लिए राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम रखने के लिए वर्ष 2002-2003 में शुरु किया गया है । इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में संयोजन के लिए और उच्चतर प्रशिक्षण संस्थाओं में सूचना प्रौद्योगिकी आधार ढांचे के उन्नयन के लिए क्रमशः दो विशेष कार्यक्रम अर्थात "विद्या वाहिनी" और "ज्ञान वाहिनी" नेटवर्क शुरू किए जा रहे हैं । इसका लक्ष्य दसवीं योजना के दौरान प्रत्येक स्कूल और शिक्षण संस्था में एकीकृत वॉयस, डाटा और वीडियो नेटवर्क स्थापित करना है ताकि प्रत्येक विद्यार्थी अपेक्षित सूचना का प्रबंधन करने और संप्रेषण करने के लिए बहुपक्षीय बुनियादी कौशल और सक्षमता प्राप्त कर सके ।

42. **सूचना प्रौद्योगिकी उपक्रम पूंजी**: यह विभाग के अन्य कार्यक्रम में शामिल अनवरत कार्यक्रम है। वित्तीय वर्ष 2002-03 के लिए परिव्यय बढ़ा दिया गया है।